आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में एक निजी कंपनी की दस लाखवीं गाड़ी के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम एक इंडस्ट्रियल रिवोल्यूशन मात्र नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक उड़ान का लॉन्च पैड है, जो 'नए उत्तर प्रदेश को ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब' के रूप में स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह उड़ान रुकने वाली नहीं है बल्कि और अधिक ऊंचाइयां छुएगी।

स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी से जोड़ने के जिस अभियान को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो विजन हम सबको दिया है देशवासियों को दिया है आज यूपी उस स्केल को स्किल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के साथ जोड़कर मार्केट रेडी एंड इंडस्ट्री रेडी वर्क फोर्स के रूप में आगे बढाने का कार्य कर रहा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के एक निजी शिक्षण संस्थान में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि यह सेंटर शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस न केवल वर्तमान की बल्कि भविष्य की उन आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सहायक होगा जो आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की प्रधानमंत्री जी की संकल्पना है और उनकी संकल्पना के अनुरूप आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश को बनाने के लिए जो हम लोगों ने रोडमैप अपना तैयार किया है उस रोडमैप के लिए यह एक प्लेटफार्म का काम करेगा जहां पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ ही मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे डिजिटल युग के मेजर पिलर्स पर विशेष फोकस करते हुए आज इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण किया जा रहा है।

****

सम्राट चौधरी को बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया के जरिये बधाई दी है। श्री चौधरी बिहार के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले भाजपा नेता हैं। आज दिन में पटना के लोकभवन में आयोजित समारोह में उन्होंने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

****

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए कल से संसद का सत्र शुरू हो रहा है। इसे लेकर पूरे देश में महिलाओं में उत्साह का माहौल है। पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर महिला आरक्षण पहल के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। प्रदेश के कई जिलों में भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े अलग–अलग कार्यक्रमों के आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में, बस्ती जिले में आज स्कूटी रैली का आयोजन कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम का समर्थन किया गया। वहीं, वाराणसी के काशी विद्यापीठ में छात्राओं और शिक्षकों ने भी पदयात्रा निकाल कर लोगों के बीच महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आश्वस्त किया कि देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार है और किसी भी एलपीजी वितरण केंद्र पर आपूर्ति में कमी की कोई सूचना नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि देश में सीएनजी परिवहन भी शत प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस समय शहरी क्षेत्रों में एलपीजी बुकिंग अंतराल पचीस दिन है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह पैंतालीस दिन रखा गया है।

सीएनजी ट्रांसपोर्ट भी 100 प्रतिशत एंश्योर किया गया है। डोमेस्टिक रिफाइनरीज में एलपीजी प्रोडक्शन को इंक्रीज किया गया है और इसके इलावा बुकिंग इंटरवल को भी अर्बन एरिया में 25 दिन और रूरल एरिया में 45 दिन किया गया है। इस सप्लाइज के अफेक्ट होने की वजह से कमर्शियल सप्लाइज को, एलपीजी सप्लाइज को 70 प्रतिशत तक रिस्टोर किया गया है और यहाँ पर भी हॉस्पिटल, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को प्रायोरिटी किया गया। इसके इलावा कुछ इंडस्ट्रीज फार्मा, स्टील, ऑटोमोबाइल्स, सीड, एग्रीकल्चर आदि को भी प्रायोरिटी दी गयी है। 5 किलो के सिलेंडर्स की संख्या को डबल किया गया है और अल्टरनेट फ्यूल ऑप्शंस जैसे कि केरोसिन और कोल को भी ऑफर किया गया है।

****

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में आज लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ होगा। यह मैच अबसे थोड़ी देर बाद शाम साढ़े सात बजे से बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।

****